मौसम | तापमान में आई गिरावट, गर्मी से मिली लोगों को राहत

आंधी तूफान के साथ हुई झमाझम बारिश

नवभारत,दमोह 19 मई. जिले में सोमवार दोपहर अचानक से मौसम का मिजाज बदल गया और तेज आंधी तूफान के साथ बारिश शुरू हो गई. करीब एक घंटे तक शहरी क्षेत्र में झमाझम बारिश होती रही, जिससे कई जगह जल भराव के हालात भी देखे गए. साथ ही मां बड़ी देवी परिसर में बारिश और तेज हवाओं से नुकसान हुआ तो वहीं पारे में काफी गिरावट दर्ज होने से लोगों को गर्मी से भी राहत मिली. सुबह तापमान 40 डिग्री पहुंच गया था, लेकिन दोपहर होते ही मौसम में आए परिवर्तन के कारण तापमान में गिरावट दर्ज की गई.

पिछले दिनों की बात की जाए तो अधिकतम तापमान 43 डिग्री तक पहुंच गया था और गर्मी लोगों को झुलसा रही थी. स्थिति यह थी कि दोपहर के समय शहर के कई प्रमुख मार्गों पर लोगों की आवाजाही भी कम दिखाई दे रही थी. लू चलने के कारण भी लोग अपने घरों से बाहर नहीं निकल रहे थे. मौसम विभाग के अनुसार आने वाले दिनों में इसी तरह आसमान में बादल छाए रहने के साथ हल्की बारिश होने की भी संभावना जताई जा रही है.

अचानक बदला मौसम

दमोह में सोमवार दोपहर मौसम ने अचानक करवट ली और दोपहर तीन बजे से चार बजे तक तेज पानी गिरा. तेज हवा के चलते शहर में कई इलाकों की बिजली बंद हो गई. बीते एक सप्ताह की बात की जाए तो मौसम पूरी तरह साफ था और तेज धूप भी निकल रही थी. हालांकि तेज धूप और गर्म हवा के चलते लोगों को काफी परेशानियों का सामना भी करना पड़ रहा था.

शहर में कई जगह भरा पानी

एक घंटे की जोरदार बारिश के चलते शहर में कई जगह जल भराव के हालात भी देखे गए. शहर के व्यस्ततम कपड़ा बाजार गांधी चौक में करीब दो फीट तक पानी भर गया, जिससे लोगों को परेशानियों का सामना भी करना पड़ा. यहां अधिकांश दुकान है फुटपाथ पर ही संचालित होती है और पानी भरने के कारण दुकानदारों को अपनी दुकान बंद करनी पड़ी. आसमान में लगातार बादल छाए हुए हैं और रात को भी बारिश की संभावना जताई जा रही है.

तालाब में जाल डालकर पकड़ा मगरमच्छ

जबेरा/दमोह 19 मई. सागौनी वन परिक्षेत्र के लरगुवा गांव के तालाब में ग्रामीणों ने रविवार को मछली पकड़ने वाला जाल डालकर एक मगरमच्छ को पकड़ा है.बताया जा रहा है कि पिछले मार्च माह से तालाब में मगरमच्छ दिखाई दे रहा था,जिससे ग्रामीणों मे दहशत का माहौल था, क्योंकि तालाब के किनारे से ही रहवासी क्षेत्र लगा हुआ है. यहां तक कि ग्रामीणों ने मगरमच्छ के कारण तालाब जाना तक बंद कर दिया था.

ग्रामीणों ने तालाब में दिख रहे मगरमच्छ का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर भी वायरल किया और वन विभाग को सूचना दी थी. जिसके बाद मौके पर पहुंची वन विभाग की टीम ने तालाब में झाड़िया देखकर मगरमच्छ का रेस्क्यू करने में असमर्थता जताई थी. जिसके कारण ग्रामीण पिछले एक माह से मगरमच्छ की दहशत में थे. ग्रामीणों से रविवार को तालाब में मछली पकड़ने वाला जाल डाला,जिसमे मगरमच्छ फस गया.ग्रामीणों से सूझ-बुझ के साथ मगरमच्छ का मुंह रस्सी से बांधकर सुरक्षित रेस्क्यू किया और वन विभाग को सूचना दी. वन विभाग के रेंजर अखिलेश चौरसिया व बीटगार्ड भरत सिंह ने बताया कि ग्रामीणों से जाल डालकर करीब ढाई फुट का मगरमच्छ पकड़ा है, जिसे रेस्क्यू कर सिंगोरगढ़ तालाब में सुरक्षित छोड़ा गया है.

ट्रैक्टर ट्रॉली पलटी, एक युवक की मौत

▸ शादी वाले घर में छाया मातम, टांग पिपरिया गांव की घटना

हटा/दमोह 19 मई. रनेह थाना क्षेत्र के डांग पिपरिया गांव में एक ट्रैक्टर ट्राली पलटने से एक युवक की मौत हो जाने का दु:खद घटनाक्रम सामने आया है. घटना के बाद आनन फानन में गंभीर हालत में मायाराम अठ्या को सिविल अस्पताल हटा लाया गया, जहां डॉक्टर ने चेकअप उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया.

जानकारी के मुताबिक म्रतक के परिवार में शादी समारोह बीती रात संपन्न हुआ. इसके बाद ट्रैक्टर ट्राली में टेंट का सामान लेकर रनेह गया था. गांव वापस लौटते समय रास्ते में एक मोड़ पर ट्रैक्टर ट्राली अनियंत्रित होकर पलट गई. ट्रैक्टर पर सवार कमलेश अठ्या को मामूली चोटें आई है, वहीं चालक मायाराम अठ्या की ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौत हो गई. घटना की सूचना पर रनेह थाना पुलिस घटना स्थल पर पहुंची. इस दर्दनाक हादसे की खबर जैसे ही शादी वाले घर में पहुची खुशियों के माहौल में शोक की लहर दौड़ गई. पुलिस ने शव पंचनामा कार्यवाही उपरांत मर्ग कायम कर शव का पीएम कराकर परिजनों के सुपर्द कर दिया है. बहरहाल पुलिस घटना की जांच करने में जुट गई है.

आपरेशन मुस्कान के तहत किया दस्तयाब

नवभारत,दमोह 19 मई. आपरेशन मुस्कान के तहत पुलिस अधीक्षक व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में नगर पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी दमोह देहात रचना मिश्रा के नेतृत्व में थाना दमोह देहात ने अपहृता को दस्तायब किया गया. इस कार्यवाही में चौकी प्रभारी नरसिंहगढ़ उप निरी. प्रशीता कुर्मी,प्रधान आरक्षक लाल बहादुर,आरक्षक शिवसदन, एनआरएस राजा साहिल अली व साइबर टीम का विशेष सहयोग रहा.

हत्या के आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग

▸ शिक्षक से लूट कर जिंदा जलाया गया था, बागेश्वरधाम शिष्य मंडल ने एसपी को सौंपा ज्ञापन

नवभारत,दमोह 19 मई. जिले के हटा थाना क्षेत्र में शिक्षक को जिंदा जलाकर हत्या करने के मामले में सोमवार को बागेश्वरधाम शिष्य मंडल ने एसपी को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है. शिष्य मंडल ने कहा शिक्षक राजेश त्रिपाठी की निर्मम हत्या हुई है, जिससे समूचे बागेश्वरधाम शिष्य मंडल में काफी रोष है.

शिष्य मंडल के सोनू अखिल टंडन, दिनेश असाटी ने कहा कि बटियागढ़ में पदस्थ शिक्षक राजेश त्रिपाठी जब हटा से अपने गांव सुनवाहा बाइक से आ रहे थे, तभी हारट और बरोदा की नहर के पास अज्ञात लोगों द्वारा उन्हें रोक कर उन पर पेट्रोल डालकर जिंदा जलाकर उनकी निर्मम हत्या कर दी थी. इसकी उच्चस्तरीय न्यायिक जांच की जाये और अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाये. क्योंकि इस घटना से दमोह जिले के समस्त बागेश्वरधाम शिष्य मंडल में रोष व्याप्त है.बता दें यह मामला बेहद गंभीर है, सागर डीआईजी सुनील जैन भी पीड़ित परिवार से मिलने पहुंचे थे और एसपी को निर्देश दिए थे.

मामले की जांच में कई टीमें लगी हैं : सीएसपी

ज्ञापन लेने पहुंचे दमोह सीएसपी अभिषेक तिवारी ने बताया मामले की जांच में कई टीमें लगी हैं. वरिष्ठ अधिकारियों का मार्गदर्शन भी लिया जा रहा है, जल्द ही मामले का खुलासा हो जाएगा. ज्ञापन सौंपने वालों में सोनू अखिल टंडन, दिनेश असाटी,आशीष चतुर्वेदी, मनोज देवरिया,विनय असाटी, दीपक सेन, विनोद विश्वकर्मा, रज्जक, दुर्गेश दुबे, हरिदास प्रजापति, नमन पटेल, जितेंद्र पटेल, राज सिंह राजपूत, राम सेवक रजक, निरपत, सुरेश अठया, मुकेश साहू, भरे रैकवार,पवन नामदेव के अलावा और भी शिष्य मंडल मौजूद रहा.

बेला पुरवा के किसान वर्ष में लेते हैं तीन फसल

▸ किसान आर्थिक रूप से हो रहे समृद्ध, पलायन भी नहीं हो रहा

हटा/दमोह 19 मई. बटियागढ़ जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बेला पुरवा में चार गांव शामिल हैं, जिसमें बेला पुरवा, पैरवारा व करिया पीपर. यह गांव सुनार नदी के किनारे बसे हुए हैं और पानी पर्याप्त होने की वजह से एक वर्ष में तीन फसलें पिछले पच्चीस वर्षों से ले रहे हैं. ऐसे में किसान आर्थिक रूप से समृद्ध हो रहे हैं व मजदूरी करने पलायन नहीं हो रहा है.

यहां पर पारंपरिक खेती के अलावा सब्जी की खेती पर भी जोर दिया जाता है. सब्जी की खेती के लिए प्रसिद्ध क्षेत्र में भटे सबसे ज्यादा उगाएं जाते हैं, जो यूपी तक जाते हैं, जबकि प्याज, लहसुन, मटर, लौकी, गिलकी, टमाटर, ककड़ी आदि की किसान उगाते हैं. जो सामान्यत: हटा सब्जी मंडी के अलावा दमोह में भी बिक्री करते हैं. यहां एक किसान पांच एकड़ जमीन में तीन से पांच लाख रुपए तक की उपज एक बर्ष में करता है. गांव के ईश्वर कुशवाहा ने बताया कि अभी वर्तमान में प्याज की फसल लगी हुई है.जो आने तैयार है, इसके पहले सोयाबीन और मटर की खेती की है. करीब पांच एकड़ जमीन में प्रतिवर्ष खर्च अलग कर दो लाख रुपए तक की मुनाफा होती है.

जिनके पास जमीन नहीं वे मजदूरी के लिए जाते हैं बाहर

बिहारी लोधी ने बताया कि लहसुन की खुदाई हो चुकी है. अब भटे लगाना शुरू किया है, एक बर्ष में तीन फसलें ले लेते हैं. अर्जुन पटेल का कहना है कि हमारे घर में सभी प्रकार की सब्जियां उगाई जाती है, जो बाजार में बेची जाती है. इससे प्रतिदिन आमदनी का जरिया बना रहता है. सरमन पटेल ने बताया कि हमारे यहां पर्याप्त रोजगार है. इसलिए पूरी पंचायत में से सौ लोग के लगभग ही बाहर काम के लिए जाते हैं. अधिकांश लोगों के पास जमीन है, जिनके पास जमीन नहीं है, वह सामान्यत: मजदूरी के लिए बाहर जाते हैं.

शनि जयंती पर होंगे विविध आयोजन

दमोह 19 मई. ज्येष्ठ माह की 26 मई को शनि जन्मोत्सव का आयोजन बड़े ही भक्ति भाव से मनाने के लिए एसपीएम नगर स्थित श्री शिव शनि हनुमान मंदिर में एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें शनि जयंती को बड़े ही धूमधाम से मनाए जाने का निर्णय लिया गया। इस दिन बट सावित्री व्रत के भी होने के कारण भक्तों व श्रद्धालुओं के लिए यह दिन शुभ फलदायक होता है। बैठक में सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि सुबह से पूजन प्रारंभ हो जाएगा दोपहर 3 बजे से श्री शिव जी शनिदेव हनुमान जी का अभिषेक किया जाएगा। तत्पश्चात हवन पूजन भी संपन्न कराया जाएगा। इसके उपरांत शाम 6 बजे से विशेष रूप से नगर भंडारे का आयोजन किया गया है।

अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक से करें : सीईओ

▸ पंचायत सचिवों के प्रशिक्षण में फुलपगारे ने दिए निर्देश

दमोह 19 मई. भारत-पाकिस्तान के बीच जो स्थितियां तनाव भरी है, उसको परिस्थितियों को लेकर सरकार अलर्ट है, आपातकालीन परिस्थितियों के समय आपदा प्रबंधन की कार्य योजना तैयार की गई है, इसी के मद्देनजर उत्कृष्ट विद्यालय दमोह के विभिन्न कक्षों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे की मौजूदगी में जिले के पंचायत सचिवों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में इस अवसर पर सर्वशिक्षा अभियान के जिला समन्वयक मुकेश द्विवेदी मौजूद थे। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ प्रवीण फुलपगारे सचिवों को संबोधित करते हुये कहा कि कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर के मार्गदर्शन में आपदा में राहत और बचाव के संबंध में प्रशिक्षण दिया जा रहा है, साथ में सभी विभागों के कर्मचारियों को प्रशिक्षण देने की प्रक्रिया चल रही है. पंचायत ग्रामीण विकास विभाग के जितने सचिव है, उनको दो सेशन में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में आवश्यक बातों से अवगत कराया गया है। सीईओ फुलपगारे ने कहा कि ईकेवाईसी का काम किया जा रहा हैं, जो सचिव बिल्कुल भी काम नहीं कर रहे थे उन 6 सचिवों को निलंबित किया गया, हमको किसी कर्मचारी को निलंबित करने में बिल्कुल भी अच्छा नहीं लगता है, लेकिन अपने दायित्वों का निर्वहन ठीक से नहीं करेंगे तो फिर सजा के प्रावधान है।

रोजगार मेला 27 से लगेगा- सीईओ ने कहा कि यह सिर्फ जानकारी नहीं है, आप लोगों को गहराई से देखना है, जिन जनपदों में रोजगार के लिए अन्य स्थानों पर मेले लगाए जाने की स्थिति बनती है वहां पूरी तरह मुस्तैद रहें।

जल में तिरंगा लहराकर दिया देशभक्ति का संदेश

दमोह. देशभर में ऑपरेशन सिंदूर की सफलता और भारतीय सेना के अदम्य साहस की गौरवगाथा को नमन करते हुए विभिन्न स्थानों पर भव्य तिरंगा यात्राएं आयोजित की जा रही हैं. इसी श्रृंखला में दमोह जिले की बांदकपुर चौकी में पदस्थ प्रधान आरक्षक भगवानदास दाहिया ने राष्ट्रभक्ति का अनूठा उदाहरण प्रस्तुत किया. उन्होंने जागेश्वरनाथ मंदिर परिसर की प्राचीन बावड़ी में तिरंगा झंडा लेकर जलयोग किया.यह आयोजन देश के वीर सैनिकों की बहादुरी, शौर्य और राष्ट्रभक्ति को समर्पित था, उन्होंने बताया कि, हमारे देश के वीर सैनिकों ने अपने अदम्य साहस और पराक्रम से भारत का नाम पूरी दुनिया में रोशन किया है. उनकी इस वीरता और समर्पण को नमन करते हुए मैंने आज तिरंगा लहराते हुए जलयोग किया है.

सड़क दुर्घटना में वनकर्मी घायल

दमोह. तेजगढ़ थाना के इमलिया चौकी क्षेत्र में सड़क दुर्घटना में कांकर बीट में पदस्थ वनरक्षक पवन सिंह ठाकुर बुरी तरह घायल हो गए। होने उन्हें इलाज के लिए डिप्टी रेंजर आशीष श्रीवास्तव, बीट सलैया कौशल, किशोर कुमार, चालक गुड्डू और वन कर्मियों द्वारा दमोह जिला अस्पताल लाया गया, जिनहें पैर में गंभीर चोट होने के कारण वन मंडल अधिकारी (डीएफओ) ईश्वर जरांडे, रेंजर विक्रम चौधरी, सिविल सर्जन डॉ. रविंद्र सिंह, ड्यूटीरत डॉ. रेक्शन एल्बर्ट, चालक दीपक ने तत्परता दिखाते हुए वनरक्षक को एंबुलेंस मुहैया कराकर तत्काल जबलपुर रेफर किया.

शंकराचार्य ने आध्यात्मिकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया : पौराणिक

▸ आदिगुरु शंकराचार्य जयंती पर पथरिया में व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन, जीवन दर्शन पर हुई चर्चा

दमोह 19 मई। आदि गुरु शंकराचार्य की जयंती के उपलक्ष्य में व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महाविद्यालय सभागार पथरिया में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा आयोजित किया गया. इसमें शंकराचार्य के जीवन दर्शन, अद्वैत वेदांत और उनके आदर्श जीवन आध्यात्मिक योगदान पर चर्चा हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ शंकराचार्य के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में हरलाल चौरसिया, रमाकांत पौराणिक, सुशील कुमार नामदेव, उमाशंकर उपाध्याय, कृष्णा पटेल रहे। इस दौरान जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत एमसीएमसीडीपी के विद्यार्थी सोनम राजपूत, ज्योति नेमा, मीना अहिरवार, अंकित पटेल द्वारा चित्र बनाकर जल संरक्षण का संदेश दिया गया। मुख्य वक्ता पंडित रमाकांत पौराणिक ने अपने उद्बोधन में आदि गुरु शंकराचार्य के जीवन और कार्यों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि शंकराचार्य का जन्म केवल एक संत या दार्शनिक के रूप में नहीं हुआ था, बल्कि वे भारतीय संस्कृति और आध्यात्म के पुनर्जागरण के प्रतीक थे। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य मात्र 32 वर्ष के जीवनकाल में भारतवर्ष को एक अद्वितीय आध्यात्मिक एकता के सूत्र में बांधने का कार्य किया। उनके द्वारा चार धामों में स्थापित मठ आज भी ज्ञान, साधना और भारतीय दर्शन के प्रमुख केंद्र हैं।

अहम ब्रह्मास्मि के विचार को प्रतिपादित करते हुए उन्होंने बताया कि शंकराचार्य का अद्वैत वेदांत दर्शन आत्मा और परमात्मा की एकता का संदेश देता है, जो समत्व और विश्व बंधुत्व की भावना को जन्म देता है।

वर्तमान में अद्वैत वेदांत को पढ़ने की आवश्यकता है : नामदेव

जिला समन्वयक सुशील नामदेव ने कहा कि वर्तमान समय में अद्वैत वेदांत को पढ़ने की आवश्यकता है, यदि हम उसका अध्ययन करते हैं तो सभी प्रकार के भेद खत्म हो जाएंगे शंकराचार्य जी का जीवन दर्शन हम सभी को प्रेरणा देने का काम करता है आज उनके कार्यों का अनुसरण करना आवश्यक है। ब्लाक समन्वयक उमाशंकर उपाध्याय ने आदि गुरु शंकराचार्य के साथ जल गंगा संवर्धन अभियान की बात रखी ओर सभी से कहा कि अपने अपने क्षेत्रों में जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गतिविधियां आयोजित करे।

शंकराचार्य के विचारों को आत्मसात करें : पटेल

जिले के यूथ अचीवर्स एवं नवांकुर संस्था अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज आपके मध्य इस प्रकार के कार्यक्रमों की आवश्यकता इसलिए है कि आप शंकराचार्य के विचारों को आत्मसात कर समाज सुधार के कार्य में अग्रणी भूमिका निभा सके। इस दौरान विशेष रूप से गायत्री परिवार के वरिष्ठ हरलाल चौरसिया, शासकीय सी एम राईज स्कूल शिक्षक रमाशंकर पौराणिक, परामर्शदाता दिलीप पटैल, शैलेंद्र पाराशर, यज्ञनारायण पांडे, रोहित जैन,दर्शिका तिवारी के साथ समाजिक संस्थाओं के लोगों के साथ मुख्यमंत्री नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के विद्यार्थी उपस्थित थे।

मिलेगी मौत मुझे जब भी वतन के नाम कर दूंगा

▸ हिंद की सेना के शौर्य व पराक्रम पर केंद्रित रही काव्य गोष्ठी

दमोह 19 मई। ऑपरेशन सिंदूर की शानदार सफलता पर जांबाज वीर सैनिकों के साथ खड़ा है तो दमोह का साहित्य जगत भी इसमें पीछे नहीं है। राष्ट्र प्रेम की अलख जगाने, म.प्र. लेखक संघ के तत्वावधान में स्थानीय रामकुमार विद्यालय में एक काव्य गोष्ठी का आयोजन हुआ, जो हिंद की सेना के शौर्य व पराक्रम पर केंद्रित रहा.

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए शिक्षाविद एनएस ठाकुर ने कहा कि भारतीय सेना ने अपना पराक्रम दिखाते हुए पाकिस्तान को जिस तरह धूल चटाई है उसे युगों युगों तक याद किया जाएगा। मुख्य अतिथि टी चौधरी ने कहा कि थल से लेकर नभ तक एक ही नाम होगा, भारतीय सेना को झुक झुक कर सलाम होगा। काव्य गोष्ठी प्रारंभ होने के पहले कोषाध्यक्ष बीएम दुबे द्वारा 29 मार्च, को मानस भवन में आयोजित हुए साहित्य समागम एवं सम्मान समारोह के आय व्यय का विवरण प्रस्तुत किया गया।

नक्शे से निशां उसका मिटा क्यों नहीं देते-काव्य गोष्ठी का संचालन करते हुए, जिला अध्यक्ष इंजी अमर सिंह राजपूत ने रचना पढ़ी कि मैं अपने खून के कतरों से हिंदुस्तान लिख दूंगा, मिलेगी मौत मुझे जब भी वतन के नाम कर दूंगा। पीएस परिहार ने बर्बाद जो हम लोगों को करने पर तुला है, नक्शे से निशां उसका मिटा क्यों नहीं देते। सदन नेमा ने कहा कि नम आंखों के आंसू छुपाता हूं मैं, दीप खुशियों के जलाता हूं मैं. आशीष तंतुवाय ने कहा कि हद से ज्यादा यदि बढ़ जाए, तो पेड़ को छाटना पड़ता है। आभार प्रदर्शन पीएस परिहार ने किया।

कोर कमेटी की बैठक में जिले के विकास पर चर्चा

दमोह 19 मई. जिले के प्रभारी मंत्री इंदर सिंह परमार (मंत्री उच्च शिक्षा मध्य प्रदेश शासन) के भोपाल निवास पर पहली कोर कमेटी की बैठक सम्पन्न हुई. जिसमें दमोह जिले के विकास पर विस्तार से चर्चा हुई. संभागीय प्रभारी संगठन मंत्री मुकेश चतुर्वेदी,सांसद राहुल सिंह, मंत्री धर्मेंद्र सिंह लोधी, मंत्री लखन पटेल, विधायक जयंत मलैया,हटा विधायक उमा देवी लालचंद खटीक, अध्यक्ष डॉ रामकृष्ण कुसमरिया, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, महामंत्री गोपाल पटेल, सतीश तिवारी, रामेश्वर चौधरी सम्मिलित हुए.